रविवार
10 ,मई , 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर




वर्ष 2, अंक 96 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com

## टोल बचाने के चक्कर में मौत से खेल! रहूई के पतासंग कट पर रोज़ दौड़ रहे रॉन्ग साइड ट्रक



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रहूई प्रखंड स्थित पैठना टोल प्लाजा के पास बख्तियारपुर-रजौली मुख्य मार्ग पर इन दिनों सड़क सुरक्षा नियमों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं। टोल टैक्स बचाने की कोशिश में भारी वाहन चालक ग्रामीणों की सुविधा के लिए बनाए गए कट का दुरुपयोग कर रहे हैं, जिससे हर दिन बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द सख्ती नहीं दिखाई तो यहां कभी भी बड़ा जानलेवा हादसा हो सकता है।

जानकारी के अनुसार, पैठना टोल प्लाजा से लगभग आधा किलोमीटर पहले पतासंग बाजार के समीप ग्रामीणों की आवाजाही को ध्यान में रखते हुए सड़क के बीच एक कट बनाया गया था। इस कट का उद्देश्य स्थानीय लोगों को सड़क पार करने और गांव की ओर आने-जाने में सुविधा देना था। लेकिन अब यह कट भारी वाहनों के लिए अवैध शॉर्टकट बन चुका है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक पटना की ओर जाने वाले ट्रक, हाईवा और ट्रेलर चालक टोल प्लाजा से बचने के लिए मुख्य मार्ग छोड़कर इसी कट से फ्लाईओवर के नीचे प्रवेश करते हैं और करीब आधा किलोमीटर तक रॉन्ग साइड चलकर आगे निकल जाते हैं। इस दौरान सामने से आने वाले वाहनों के लिए अचानक खतरे की स्थिति बन जाती है। बाइक सवारों, ऑटो चालकों और छोटी कारों को कई बार अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की संभावना लगातार बनी रहती है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई नई समस्या नहीं है, बल्कि प्रतिदिन का दृश्य बन चुका है।सुबह से लेकर देर रात तक सैकड़ों भारी वाहन इस अवैध रास्ते का इस्तेमाल करते हैं। कई बार छोटी-बड़ी टक्करें हो चुकी हैं और लोग घायल भी हुए हैं, लेकिन इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन और संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि जिस मार्ग पर यह सब हो रहा है, वहां से नियमित रूप से पुलिस पेट्रोलिंग वाहन भी गुजरते हैं। इसके बावजूद रॉन्ग साइड चलने वाले भारी वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं होती। स्थानीय लोगों का कहना है कि वाहन चालक बिना किसी डर के खुलेआम नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, जिससे आम लोगों की जान खतरे में पड़ गई है।

रहूई और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में इस मुद्दे को लेकर काफी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन केवल बड़े हादसे के बाद ही सक्रिय होता है। लोगों ने मांग की है कि अविलंब इस कट पर बैरिकेडिंग की जाए, पुलिस की स्थायी निगरानी लगाई जाए और रॉन्ग साइड चलने वाले भारी वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कदम नहीं उठाए गए तो यह लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। फिलहाल टोल बचाने की यह सनक राहगीरों के लिए रोज़ मौत का खतरा बनती जा रही है।

## थरथरी बाजार से एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी थाना पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे एक एनबीडब्ल्यू वारंटी आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार सुबह थरथरी बाजार में छापेमारी कर आरोपी को उसके घर से दबोच लिया।

थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने बताया कि दारोगा बलिन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान थरथरी बाजार निवासी सत्येन्द्र केवट को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी था और वह काफी समय से फरार चल रहा था।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी को थाना लाकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना पुलिस ने बताया कि फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

## गांधीनगर एशियन वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में बिहार के पदाधिकारी निभाएंगे अहम अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी





राजगीर (अपना नालंदा)। गुजरात के गांधीनगर में 10 से 17 मई तक आयोजित होने वाली एशियन वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में बिहार भारोतोलन संघ की महत्वपूर्ण भागीदारी रहने वाली है। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिहार भारोतोलन संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा, सचिव गिरिजेश कुमार तथा उपाध्यक्ष डॉ. शिप्रा सोनी अहम जिम्मेदारियां निभाएंगे।

जानकारी के अनुसार, अरुण कुमार ओझा और गिरिजेश कुमार प्रतियोगिता में बतौर पर्यवेक्षक अपनी भूमिका निभाएंगे, जबकि डॉ. शिप्रा सोनी फेडरेशन मेंबर के रूप में शामिल होंगी। बिहार के तीनों पदाधिकारियों की मौजूदगी को राज्य के खेल जगत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

एशिया के विभिन्न देशों के शीर्ष भारोत्तोलक इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता के दौरान खेल तकनीक, प्रशिक्षण, प्रबंधन और खिलाड़ियों के प्रदर्शन से जुड़े कई महत्वपूर्ण अनुभवों का आदान-प्रदान भी होगा। इससे बिहार के खिलाड़ियों और खेल प्रशासन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

बिहार भारोतोलन संघ के अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने भारतीय भारोतोलन महासंघ के अध्यक्ष सहदेव यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार को इस प्रतिष्ठित आयोजन में प्रतिनिधित्व का अवसर मिलना पूरे राज्य के लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि इससे बिहार में भारोतोलन खेल को बढ़ावा मिलेगा और युवा खिलाड़ियों का मनोबल मजबूत होगा।

संघ के सभी पदाधिकारी शनिवार को गांधीनगर के लिए रवाना हो गए। खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन की कामना की।

## नालंदा में द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ, 3860 मामलों का निष्पादन





रंजीत कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।नालंदा व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ पटना हाई कोर्ट के न्यायाधीश सह नालंदा इंस्पेक्टिव जज राजीव रंजन रॉय ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम लोगों को सुलभ, त्वरित और कम खर्च में न्याय दिलाने का प्रभावी माध्यम है।

उन्होंने कहा कि आपसी समझौते और सुलह के जरिए वर्षों पुराने मामलों का निष्पादन संभव हो रहा है, जिससे न्यायालयों पर लंबित मामलों का बोझ भी कम हो रहा है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की।

लोक अदालत में ट्रैफिक चालानों के निपटारे के लिए विशेष काउंटर बनाए गए थे, जहां लोगों ने अपने चालानों का ऑन द स्पॉट सेटलमेंट कराया। इसके अलावा बैंक रिकवरी, बिजली बिल, पारिवारिक विवाद, प्री-लिटिगेशन, स्थायी लोक अदालत एवं अन्य सुलहनीय मामलों का भी निष्पादन किया गया।राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 9 हजार 417 मामलों को सूचीबद्ध किया गया, जिनमें से 3 हजार 860 मामलों का निष्पादन किया गया। विभिन्न मामलों में कुल 3 करोड़ 41 लाख 39 हजार 678 रुपये का सेटलमेंट हुआ। वहीं बैंक रिकवरी मामलों में 2 करोड़ 75 लाख 74 हजार 674 रुपये तथा स्थायी लोक अदालत मामलों में 22 लाख 61 हजार 502 रुपये का समझौता कराया गया।इसके अलावा 10 वर्ष से अधिक पुराने 121 मामलों का भी निष्पादन किया गया।

कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरविंदर सिंह मल्होत्रा, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार गौरव, न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# TRE-4 अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेस ने खोला मोर्चा




अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। पटना में TRE-4 अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार को नालंदा जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा राजेंद्र आश्रम, धनेश्वर घाट, बिहारशरीफ में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने राज्य सरकार की कार्रवाई की कड़ी आलोचना करते हुए इसे लोकतंत्र और युवाओं की आवाज पर हमला बताया।

जिलाध्यक्ष विवेक सिन्हा ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रखने वाले छात्र-छात्राओं पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार युवाओं की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उनकी आवाज दबाने का प्रयास करही है। उन्होंने कहा कि रोजगार और भविष्य र की मांग कर रहे अभ्यर्थियों पर इस प्रकार की कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि नालंदा जिला कांग्रेस कमिटी TRE-4 अभ्यर्थियों के साथ मजबूती से खड़ी है। यदि सरकार जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है तो कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर व्यापक जन आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा युवाओं, छात्रों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी बिहार में बढ़ती बेरोजगारी और सरकारी उदासीनता पर चिंता जताई। इस अवसर पर विमल, राज कुमार, इमरान खान, इंजीनियर टिप्पू, रवि कुमार सिंह, अजित कुमार, विवेक पासवान सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# हिलसा में आम वोटर परिषद की बैठक, संगठन विस्तार और सदस्यता अभियान पर जोर




हिलसा (अपना नालंदा)। आम वोटर परिषद की ओर से शनिवार को हिलसा स्थित अंबेडकर पार्क में संगठन विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोकतंत्र को मजबूत बनाने, मतदाताओं को जागरूक करने तथा आम लोगों की आवाज को सशक्त करने पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिला प्रवक्ता सह अधिवक्ता दिलीप कुमार सिन्हा ने की, जबकि संचालन जैनेंद्र प्रसाद ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। उपस्थित सदस्यों ने उनके विचारों को आत्मसात करते हुए सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया।संगठन के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. अश्वनी कुमार ने कहा कि आम वोटर परिषद का उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों के प्रतिजागरूक करना और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था स्थापित करने के लिए जनजागरण अभियान चलाना है। उन्होंने कहा कि संगठन "मतदान के बाद भी, मतदान के साथ भी" के संकल्प के तहत लगातार समाज के बीच सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

बैठक में 100 प्रतिशत मतदान अभियान, स्वच्छ भारत, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन और नागरिक अधिकारों की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही आगामी दिनों में नालंदा जिले के विभिन्न प्रखंडों में सदस्यता अभियान और जनसंपर्क कार्यक्रम चलाने की रणनीति बनाई गई।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्रजीत चक्रवर्ती, शांति देवी, रमाकांत रविदास, शिवशंकर प्रसाद, शकिल अहमद, सतीश चौधरी, नीरज रविदास सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।









# अंबेडकर आवासीय विद्यालय में 14 आरओ से छात्राओं को मिल रहा शुद्ध पेयजल





राजगीर (अपना नालंदा)। शहर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय में छात्राओं और शिक्षकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। विद्यालय परिसर और छात्रावास में कुल 14 स्थानों पर छोटे-बड़े आरओ सिस्टम लगाए गए हैं, जिससे छात्राओं को हर समय शुद्ध पेयजल मिल रहा है। इस पहल से विद्यालय में खुशी और संतोष का माहौल है।

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव रंजन ने बताया कि छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि दूषित पानी से कई प्रकार की बीमारियां फैलने का खतरा रहता है, इसलिए विद्यालय प्रशासन पेयजल की गुणवत्ता को लेकर पूरी तरह गंभीर है। सरकार की पहल और विद्यालय प्रशासन की निगरानी में छात्राओं को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

प्राचार्य ने जानकारी दी कि विद्यालय परिसर में पांच स्थानों पर तथा छात्रावास में नौ जगहों पर आरओ मशीनें स्थापित की गई हैं। इससे छात्राओं को आसानी से शुद्ध और ठंडा पानी मिल रहा है। खासकर गर्मी के मौसम में यह व्यवस्था काफी उपयोगी साबित हो रही है।

विद्यालय की छात्राओं ने भी इस सुविधा पर खुशी जताते हुए कहा कि पहले सामान्य पानी का उपयोग करना पड़ता था, लेकिन अब आरओ का शुद्ध पानी मिलने से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों में राहत मिली है। शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ पेयजल मिलने से छात्राओं का स्वास्थ्य बेहतर रहेगा और पढ़ाई पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा।

विद्यालय प्रशासन ने बताया कि सभी आरओ मशीनों की नियमित साफ-सफाई और तकनीकी जांच कराई जा रही है, ताकि पेयजल की गुणवत्ता लगातार बनी रहे और छात्राओं को सुरक्षित पानी उपलब्ध होता रहे।

# दलदली चक में 36 घंटे का अखंड कीर्तन संपन्न, गूंजते रहे हरे राम-हरे कृष्ण



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।स्थानीय अंचल कार्यालय में शनिवार को सीओ पुजा कुमारी के नेतृत्व में भूमि विवादों के समाधान के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया। सीओ श्रीमति पुजा ने कहा कि इस दौरान कुल आठ मामलों की सुनवाई हुई, जिनमे चार मामलों का निष्पादन करते हुए संबंधित पक्षों को आवश्यक निर्देश दिए।


जनता दरबार में कल्याण बिगहा से दो मामला आया जिसमें एक जमीन नापी संबंधित तथा दूसरे में टाइटल सूट का मुद्दा था। जबकि चेरो से एक व्यक्ति अपना जमीन नापी करवा लिया था। जबकि दूसरा पक्ष पूर्व से हीं जमीन में सेफ्टी टैंक बनावा लिया था। जिसको लेकर सेफ्टी टैंक को हटाने का निर्देश दिया गया।इस दौरान जमीन से जुड़े अन्य मामलों पर सुनवाई हुई। अधिकारियों ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इन विवादों का समाधान किया। सीओ ने बताया कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों का निष्पक्ष और त्वरित निपटारा प्रशासन की प्राथमिकता है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आपसी विवाद और तनाव को कम करना है। उन्होंने लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने और छोटे विवादों को बातचीत से सुलझाने की अपील भी की।

जनता दरबार में कल्याण बिगहा थाना ,चेरो ओपी, हरनौत थाना के दरोगा और अंचल कर्मचारी मनीष कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।सीओ ने जानकारी दी कि प्रत्येक सप्ताह जनता दरबार आयोजित कर भूमि विवाद संबंधी मामलों का समाधान किया जाएगा।









# मक्का में नालंदा के युवक की हत्या से मातम, पीड़ित परिवार से मिले कांग्रेस नेता



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सऊदी अरब के मक्का में नालंदा जिले के युवक मोहम्मद टीपू सुल्तान की चाकू गोदकर हत्या किए जाने की घटना से पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। शनिवार को उनका पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। खासकर उनकी मां का रो-रोकर बुरा हाल है। वह अपने बेटे के लिए न्याय की मांग कर रही हैं।

घटना की जानकारी मिलने के बाद नालंदा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विवेक सिन्हा पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। उनके साथ युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष विवेकानंद पासवान, हाफिज महताब आलम, युवा नेता इंजीनियर टीपू, अजीत राज, जितेंद्र, सुरेश, मुकेश कुमार सहितकई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कांग्रेस नेताओं ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा संगठन परिवार के साथ खड़ा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विवेक सिन्हा ने कहा कि मोहम्मद टीपू सुल्तान की हत्या बेहद दुखद और चिंताजनक घटना है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

विवेक सिन्हा ने कहा कि मृतक की मां जो मांग कर रही हैं, उसे सरकार और संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का काम कांग्रेस पार्टी करेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि परिवार को न्याय दिलाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित कराने के लिए हर स्तर पर आवाज उठाई जाएगी।

गांव में पार्थिव शरीर पहुंचने के बाद बड़ी संख्या में लोग अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। पूरे इलाके में शोक की लहर है और लोग घटना को लेकर गहरा दुख व्यक्त कर रहे हैं।

# बेनार में श्रीमद्भागवत कथा से भक्तिमय माहौल, श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़




आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। ग्राम पंचायत राज अमावाँ के बेनार गांव स्थित श्री भगवती देवी स्थान के प्रथम वर्षगांठ समारोह के अवसर पर आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया है। 5 मई से 11 मई 2026 तक चल रहे इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं।

श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन ग्राम पंचायत राज अमावाँ के मुखिया प्रशांत कुमार उर्फ राज बाबू एवं ग्रामीणों के सहयोग से कराया जा रहा है। आयोजन को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगती है और देर शाम तक भक्ति रस की धारा बहती रहती है।

कथा पंडाल में महिला और पुरुष श्रद्धालु बड़ी श्रद्धा के साथ भगवान की लीलाओं का श्रवण कर रहे हैं। धार्मिक आयोजन के कारण पूरे क्षेत्र में मेले जैसा माहौल बना हुआ है। दूर-दराज गांवों से भी लोग कथा सुनने और मेले का आनंद लेने पहुंच रहे हैं।

श्रद्धालुओं की सुविधा और मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए कथा स्थल के आसपास विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाएं की गई हैं। बच्चों और परिवारों के लिए मनोरंजन के साधन भी उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे आयोजन का आकर्षण और बढ़ गया है।

आयोजन समिति ने बताया कि 11 मई को अपराह्न तीन बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें आने वाले सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया जाएगा। समिति के सदस्यों ने कहा कि भक्तों के आगमन तक भंडारा लगातार चलता रहेगा।

ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के धार्मिक आयोजन से गांव में आध्यात्मिक वातावरण बनता है और लोगों के बीच आपसी भाईचारा एवं सामाजिक एकता मजबूत होती है। कथा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्ति, श्रद्धा और उत्साह के रंग में रंगा नजर आ रहा है।







# डैफोडिल पब्लिक स्कूल में मदर्स डे उत्सव बना भावनाओं और सम्मान का संगम








संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। स्थानीय मंगला स्थान स्थित डैफोडिल पब्लिक स्कूल में शनिवार को मदर्स डे बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और भावनात्मक माहौल के बीच मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मां के प्रति सम्मान, प्रेम और कृतज्ञता की भावना से जोड़ना था। विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया था, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय और भावनात्मक नजर आया।

कार्यक्रम का शुभारंभ इनर व्हील क्लब बिहारशरीफ की अध्यक्ष रश्मि रानी, सचिव कुमारी रश्मि, पूर्वाध्यक्ष मंजू प्रकाश, डॉ रश्मि नारायण, पूनम कुमारी, नीतू, अमिता रानी, सुनीता सिंहा, परियोजना प्रबंधक अंजलि कुमारी, शबाना तबस्सुम, सुबेक्शा लेप्चा तथा रेनू कुमारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ ही कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई और उपस्थित अभिभावकों व विद्यार्थियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अपनी माताओं के सम्मान में गीत, कविता, भाषण, नृत्य और पोस्टर मेकिंग जैसी आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी माताओं को हस्तनिर्मित कार्ड एवं उपहार भेंट कर भावुक कर दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया और कई माताएं भावुक होती नजर आईं।

विद्यालय के चेयरमैन रंजीत प्रसाद सिंह एवं प्राचार्य डॉ रवि चंद कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि मां बच्चों की पहली गुरु होती हैं और उनके त्याग, प्रेम, स्नेह एवं संस्कारों का जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान होता है। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति के सम्मान से ही समाज और राष्ट्र मजबूत बनता है।


इनर व्हील क्लब बिहारशरीफ की अध्यक्ष रश्मि रानी ने कहा कि मातृ दिवस केवल एक उत्सव नहीं बल्कि मां के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का विशेष अवसर है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने माता-पिता का सम्मान करने तथा उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम के दौरान माताओं के लिए कई मनोरंजक खेल और गतिविधियों का आयोजन भी किया गया, जिसमें माताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं को सम्मानित करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय जीवन की कामना की गई। पूरा विद्यालय परिसर भावनाओं, उत्साह और खुशियों से सराबोर नजर आया।

मंच संचालन छात्रा प्रियदर्शिनी मेहता एवं प्रियांशी कुमारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजलि कुमारी, हिना कौसर, प्रिया कुमारी, अनीशा राज, रेणु कुमारी, कुमारी पूनम, सुबेक्षा लेप्चा, ज्योति मेहता, संजय कुमार,



अजीत कुमार, दीपक कुमार, अन्नू भारती, रीना कुमारी, तलत आफरीन, कहकशां नाज, नैना रस्तोगी, डॉ महेंद्र कुमार, राजीव कुमार सिंह, अजय कुमार दिवाकर, अखिलेश, सुमंत, सत्यम, अतुल अभिलाष, सुधांशु कुमार सुमन, प्रीति कुमारी, ज्योति, नृत्य शिक्षिका इंद्राणी, निशा भारती, अनुषा रूपल तथा संगीत शिक्षक दिलखुश पांडे सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की सराहनीय भूमिका रही।






# जदयू कार्यालय में मनी महाराणा प्रताप जयंती, मंत्री श्रवण कुमार ने युवाओं को दिया प्रेरणा संदेश





संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जनता दल यूनाइटेड के नालंदा जिला कार्यालय में शनिवार को महाराणा प्रताप जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार एवं सांसद कौशलेंद्र कुमार ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि महाराणा प्रताप वीरता, स्वाभिमान और देशभक्ति के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने मुगलों के सामने कभी आत्मसमर्पण नहीं किया और मातृभूमि की रक्षा के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे। हल्दीघाटी का युद्ध और जंगल-जंगल भटकते हुए भी देश के सम्मान की रक्षा करना हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है।

सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन युवाओं के लिए साहस और राष्ट्रप्रेम की मिसाल है। उन्होंने कहा कि एक योद्धा हार सकता है, लेकिन अन्याय के सामनेकभी झुकता नहीं है।

कार्यक्रम में जदयू प्रवक्ता गुलरेज अंसारी, डॉ. धनंजय कुमार देव, राजनीश कुमार सिंह, छात्र अध्यक्ष प्रीतम राज उर्फ सन्नी पटेल, राहुल कुशवाहा, आदित्य कुमार, संजीत यादव, पवन शर्मा, अशगर शमीम, अजय पटेल, दिग्विजय नारायण सिंह, भवानी सिंह, जनार्दन पंडित, विश्वास सिंह, सन्नी महतो, डॉ. सौरभ प्रकाश, महमूद बख्खो, संजय पासवान, पप्पू खां रोहेला, अरविंद सिंह, संजीव पटेल, निशांत चंद्रवंशी, बिट्टू कुशवाहा, अमित कुमार, रिक्की, अजय ठाकुर, मो. मेराजुद्दीन, बब्लू सिंह, संजीत पासवान, अमजद सिद्दकी, संजय कुशवाहा, रंजीत कुमार सिंह, संजय राम, बंटी चंद्रवंशी, युगल किशोर मुखिया, सुरेश प्रसाद, रोहित कुमार, अर्णव आर्या, विभूति रंजन, जयसेन गौतम कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मलमास मेला 2026: सर्कस और थियेटर के साउंड पर क्या चलेगी प्रशासन की कैंची?




राजेश कुमार गौतम

नालंदा (अपना नालंदा)। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन नगरी राजगीर में आगामी 17 मई से शुरू होने वाले ऐतिहासिक एवं धार्मिक मलमास मेले को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। 15 जून तक चलने वाले इस एक माह के राजकीय मेले की तैयारियां प्रशासन स्तर पर जारी हैं, लेकिन इस बार नगरवासियों और व्यवसायियों के बीच सबसे बड़ी चर्चा का विषय 'साउंड सिस्टम' बना हुआ है।दरअसल, हाल के दिनों में शादी-विवाह और लग्न के मौसम के दौरान नालंदा जिला प्रशासन और स्थानीय पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण को लेकर कड़ा रुख अख्तियार किया था। तेज आवाज में डीजे बजाने वाले कई संचालकों पर प्राथमिकी दर्ज की गई और उनके कीमती उपकरण जब्त किए गए। प्रशासन की इस सख्ती का असर शादी समारोहों की रौनक पर भी दिखा था।कानून की समानता पर उठ रहे सवाल अब स्थानीय नागरिकों और मेला प्रेमियों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि क्या प्रशासन वही सख्ती मलमास मेले में भी दिखाएगा? मेले का मुख्य आकर्षण रहने वाले सर्कस, थिएटर, आसमानी झूला, मौत का कुआँ और मीना बाजार की दुकानों में दिन-रात ऊँची आवाज में लाउडस्पीकर और साउंड सिस्टम का उपयोग होता है। लोगों का तर्क है कि यदि उच्च न्यायालय के निर्देशों और ध्वनि प्रदूषण नियमों का हवाला देकर शादियों में डीजे बंद कराए गए, तो क्या मेले के शोर-शराबे पर भी वही नियम लागू होंगे?

भेदभाव की आशंका और प्रशासन की चुनौती

नगरवासियों का कहना है कि कानून सबके लिए बराबर होना चाहिए। यदि धार्मिक मेले की गरिमा और शांति व्यवस्था बनाए रखनी है, तो प्रशासन को ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर पहले ही स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने चाहिए। लोगों के बीच यह चर्चा आम है कि क्या इस बार मलमास मेला 'शांतिपूर्ण' होगा या फिर मनोरंजन के साधनों को ध्वनि नियमों से छूट मिलेगी।

फिलहाल, सबकी निगाहें जिला प्रशासन और अनुमंडल पदाधिकारी (SDO) के आगामी आदेशों पर टिकी हैं। \

अब देखना यह होगा कि प्रशासन परंपरा, मनोरंजन और कानून के बीच कैसे तालमेल बिठाता है।

# हरिओमपुर पहुंचे मंत्री श्रवण कुमार, शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस



सुधीर प्रसाद

बेन (अपना नालंदा)। प्रखंड अंतर्गत हरिओमपुर ग्राम में भूतपूर्व रिटायर शिक्षक जगदीश प्रसाद के सुपुत्र संतोष कुमार के आकस्मिक निधन के बाद क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। इस दुखद घटना की जानकारी मिलने पर बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री सह स्थानीय विधायक श्रवण कुमार शोकाकुल परिवार के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की।

मंत्री श्रवण कुमार ने दिवंगत संतोष कुमार के पिता जगदीश प्रसाद एवं अन्य परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस कठिन घड़ी में पूरा क्षेत्र उनके साथ खड़ा है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करनेकी प्रार्थना की।इस दौरान प्रखंड प्रमुख रंजू देवी, टुनटुन सिंह, शैलेंद्र प्रसाद, भूतपूर्व मुखिया संतोष कुमार, नवल सिंह, पप्पू राम, जितेंद्र सिंह लालाजी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। गांव के लोगों ने मंत्री के समक्ष क्षेत्र में व्याप्त पेयजल संकट की समस्या भी उठाई। ग्रामीण महिलाओं ने पानी की गंभीर समस्या से जल्द निजात दिलाने की मांग करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में गांव में पानी की भारी किल्लत हो रही है, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।मंत्री श्रवण कुमार ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। उनके आगमन से शोकाकुल परिवार को जहां मानसिक संबल मिला, वहीं ग्रामीणों ने भी अपनी स्थानीय समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा।

# नालंदा ब्लड ग्रुप की मुहिम से बच रहीं जानें, हामिद का दसवां रक्तदान



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा ब्लड ग्रुप आज जिले में इंसानियत और सेवा का बड़ा संदेश दे रहा है। शहर के युवाओं द्वारा शुरू की गई यह संस्था अब जरूरतमंद मरीजों के लिए उम्मीद की किरण बन चुकी है। संस्था लगातार नि:शुल्क रक्त उपलब्ध कराकर सैकड़ों लोगों की जिंदगी बचाने का काम कर रही है।

संस्था के सदस्यों ने बताया कि जैसे ही ग्रुप में किसी मरीज के लिए रक्त की आवश्यकता की सूचना साझा की जाती है, वैसे ही शहर के युवा रक्तदान के लिए आगे आ जाते हैं। अब तक नालंदा ब्लड ग्रुप की टीम चार हजार से अधिक लोगों को रक्त उपलब्ध करा चुकी है।

इसी कड़ी में बड़ी दरगाह मोहल्ला निवासी बदरुद्दीन को ओ नेगेटिव ब्लड की सख्त जरूरत थी। इसकी सूचना मिलते ही टीम के सक्रिय सदस्य हामिद फिरदौसी तुरंत नालंदा ब्लड बैंक पहुंचे और रक्तदान कर मरीज की मदद की। हामिद फिरदौसी ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता और हर स्वस्थ व्यक्ति को इस मुहिम से जुड़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि वह लगातार रक्तदान करते रहे हैं और जब भी नालंदा ब्लड ग्रुप को उनकी जरूरत होगी, वह हमेशा टीम के साथ खड़े रहेंगे। यह उनका दसवां रक्तदान था। हामिद ने शहर के युवाओं से अपील करते हुए कहा कि जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं और रक्तदान कर इंसानियत की मिसाल पेश करें।

# मलमास मेला में सुरक्षा पर प्रशासन सख्त, गाइडलाइन उल्लंघन पर होगी कार्रवाई



राजगीर (अपना नालंदा)। ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व वाले मलमास मेला को सुरक्षित, व्यवस्थित और आकर्षक बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मेला क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने विशेष तैयारी शुरू कर दी है। भारत सरकार और बिहार सरकार की आपदा प्रबंधन गाइडलाइन के अनुसार ही मेला क्षेत्र में दुकानों, थिएटर, सर्कस, झूला तथा अन्य मनोरंजन प्रतिष्ठानों को लगाने की अनुमति दी जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि निर्धारित नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जांच एवं आपदा अपर समाहर्ता रंजन कुमार चौधरी ने शनिवार को जानकारी देते हुए बताया कि मलमास मेला में लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि फुटपाथ और मुख्य सड़क से कम से कम 20 फीट की दूरी पर ही थिएटर, सर्कस, झूला, ड्रैगन, ब्रेक डांस, जादूगर शो और अन्य मनोरंजन संबंधी दुकानों को लगाने की अनुमति दी गई है। इसका उद्देश्य भीड़भाड़ कम करना और लोगों की आवाजाही को सुगम बनाए रखना है।

उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में प्रशासन की ओर से होल्डिंग एरिया और बफर जोन का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि आपात स्थिति में भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। गौरक्षणी मोड़, सुभाष पार्क और अन्य संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। यहां सर्कस और थिएटर के बीच पर्याप्त दूरी सुनिश्चित करने के लिए अलग-अलग बफर जोन विकसित किए जा रहे हैं।

अपर समाहर्ता ने कहा कि पूर्व के मेलों में कुछ थिएटर संचालकों द्वारा निर्धारित नियमों की अनदेखी की गई थी, जिससे भीड़ नियंत्रण में परेशानी हुई थी। इस बार प्रशासन पूरी सख्ती के साथ गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर चौक सेदक्षिण कुंड की ओर जाने वाली सड़क के किनारे दुकान लगाने पर प्रतिबंध लगाया गया है, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

रंजन कुमार चौधरी ने कहा कि आपदा प्रबंधन के नियम केवल औपचारिकता नहीं हैं, बल्कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा से सीधे जुड़े हुए हैं। यदि मेला क्षेत्र में दुकानों और मनोरंजन प्रतिष्ठानों को व्यवस्थित ढंग से लगाया जाएगा, तो किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटना आसान होगा। इससे प्रशासन को भीड़ नियंत्रण में काफी सहूलियत मिलेगी और मेला क्षेत्र की सुंदरता भी बनी रहेगी।प्रशासन ने सभी दुकान संचालकों, व्यवसायियों और मनोरंजन प्रतिष्ठानों से अपील की है कि वे निर्धारित नियमों और सुरक्षा मानकों का पूरी जिम्मेदारी के साथ पालन करें। अधिकारियों का कहना है कि प्रशासन का उद्देश्य केवल नियम लागू करना नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि मलमास मेला शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और सफल तरीके से संपन्न हो सके।



# अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन,चार भूमि विवाद मामलों का निपटारा



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।स्थानीय अंचल कार्यालय में शनिवार को सीओ पुजा कुमारी के नेतृत्व में भूमि विवादों के समाधान के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया। सीओ श्रीमति पुजा ने कहा कि इस दौरान कुल आठ मामलों की सुनवाई हुई, जिनमे चार मामलों का निष्पादन करते हुए संबंधित पक्षों को आवश्यक निर्देश दिए।

जनता दरबार में कल्याण बिगहा से दो मामला आया जिसमें एक जमीन नापी संबंधित तथा दूसरे में टाइटल सूट का मुद्दा था। जबकि चेरो से एक व्यक्ति अपना जमीन नापी करवा लिया था। जबकि दूसरा पक्ष पूर्व से हीं जमीन में सेफ्टी टैंक बनावा लिया था। जिसको लेकर सेफ्टी टैंक को हटाने का निर्देश दिया गया।इस दौरान जमीन से जुड़े अन्य मामलों पर सुनवाई हुई। अधिकारियों ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इन विवादों का समाधान किया।सीओ ने बताया कि भूमि विवाद से जुड़े मामलों का निष्पक्ष और त्वरित निपटारा प्रशासन की प्राथमिकता है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आपसी विवाद और तनाव को कम करना है। उन्होंने लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने और छोटे विवादों को बातचीत से सुलझाने की अपील भी की।

जनता दरबार में कल्याण बिगहा थाना ,चेरो ओपी, हरनौत थाना के दरोगा और अंचल कर्मचारी मनीष कुमार सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे।सीओ ने जानकारी दी कि प्रत्येक सप्ताह जनता दरबार आयोजित कर भूमि विवाद संबंधी मामलों का समाधान किया जाएगा।

# होल्डिंग टैक्स के बावजूद वार्ड 9 में बदहाल सफाई व्यवस्था से लोग परेशान



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। अस्थावां नगर पंचायत के वार्ड संख्या 9 में नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से स्थानीय लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। जाम नालियों के कारण बारिश और घरों का गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। कई घरों में भी पानी घुस जाने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासियों का आरोप है कि समस्या को लेकर कई बार सफाई कर्मियों और नगर पंचायत कार्यालय को फोन कर जानकारी दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत नियमित रूप से होल्डिंग टैक्स की वसूली करती है, इसके बावजूद वार्ड में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है।

जलजमाव और गंदगी के कारण इलाके में बीमारी फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि नालियों से बदबू आने लगी है और मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है।

नगर पंचायत कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सफाई व्यवस्था के लिए करीब 55 सफाई कर्मी तैनात किए गए हैं तथा प्रत्येक वार्ड में चार से पांच कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके बावजूद वार्ड संख्या 9 की स्थिति में सुधार नहीं हो पाया है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द नालियों की सफाई कराने और जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। फिलहाल इस मामले में जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

# नौबतपुर लोटन गांव में अखंड हरी कीर्तन को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ प्रखंड अंतर्गत नौबतपुर लोटन गांव में 24 घंटे के अखंड हरी कीर्तन को लेकर शनिवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। धार्मिक आयोजन में 251 कन्याओं और महिलाओं ने संत बाबा कुआं से जल भरकर सिर पर कलश रख पैदल यात्रा करते हुए देवी स्थान तक पहुंचकर पूजा-अर्चना की।

कलश यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। श्रद्धालु "जय श्री राम", "हरे कृष्णा हरे राम" और "हर-हर महादेव" के जयघोष लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। रामधुन और भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। गांव की सड़कों पर आस्था, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

अखंड हरी कीर्तन के संयोजक मुन्ना सिंह ने बताया कि मानव कल्याण, सुख-शांति और समाज में आपसी भाईचारा बनाए रखने के उद्देश्य से इस धार्मिक आयोजन का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि 24 घंटे तक लगातार हरी नाम संकीर्तन होगा, जिसमें आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

उन्होंने बताया कि कीर्तन के समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे इलाके में उत्साह का माहौल बना हुआ है। गांव और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग कीर्तन में शामिल होकर भक्ति रस में डूब रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीणों और युवाओं की सक्रिय भूमिका रही।



# ई-शिक्षाकोष में अनियमित उपस्थिति पर शिक्षक से 24 घंटे में जवाब तलब

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, नालंदा के निर्देश पर ई-शिक्षाकोष ऐप में दर्ज शिक्षकों की उपस्थिति की समीक्षा के दौरान एक शिक्षक की उपस्थिति में गंभीर अनियमितता सामने आने के बाद उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), नालंदा द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय, इंडवास, रहुई में कार्यरत शिक्षक विनय कुमार सिंह को इस संबंध में पत्र जारी किया गया है। पत्र में कहा गया है कि विभागीय निर्देशानुसार सभी प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को प्रतिदिन ई-शिक्षाकोष ऐप के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करनी अनिवार्य है, जिसकी नियमित निगरानी विभागीय स्तर पर की जाती है।

समीक्षा के दौरान अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 तक की अवधि में पाया गया कि संबंधित शिक्षक कई दिनों तक विद्यालय में अनुपस्थित रहे और ई-शिक्षाकोष ऐप पर उपस्थिति दर्ज नहीं की गई। कई दिनों में उपस्थिति विलंब से तथा अनियमित तरीके से दर्ज की गई। इसके अलावा विद्यालय छोड़ने के समय यानी आउट टाइम का विवरण भी कई तिथियों में दर्ज नहीं पाया गया।

जारी पत्र में कहा गया है कि इस प्रकार की लापरवाही विद्यालय संचालन में मनमानी को दर्शाती है। साथ ही छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होने तथा बिना नियमित उपस्थिति के वेतन लेने के रूप में सरकारी राशि के दुरुपयोग की आशंका भी जताई गई है।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने शिक्षक को 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो उनके विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को प्रतिवेदन भेजा जाएगा।

# ई-शिक्षाकोष में अनियमित उपस्थिति पर प्रधानाध्यापक से जवाब तलब

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, नालंदा की स्थापना शाखा द्वारा ई-शिक्षाकोष ऐप में दर्ज उपस्थिति की समीक्षा के बाद उत्क्रमित मध्य विद्यालय, दुलचंदपुर, रहुई के प्रधानाध्यापक श्यामू कुमार से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना), नालंदा द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि विभागीय निर्देशानुसार सभी प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों के लिए प्रतिदिन ई-शिक्षाकोष ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य है। विभागीय स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा भी की जाती है।

समीक्षा के दौरान अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 तक की अवधि में पाया गया कि संबंधित प्रधानाध्यापक कई दिनों तक विद्यालय में अनुपस्थित रहे तथा ई-शिक्षाकोष ऐप पर उपस्थिति दर्ज नहीं की गई। जांच में यह भी सामने आया कि कई दिनों में उपस्थिति विलंब से एवं अनियमित तरीके से दर्ज की गई। इसके अलावा विद्यालय छोड़ने के समय यानी आउट टाइम का विवरण भी कई तिथियों में अंकित नहीं पाया गया।

जारी पत्र में कहा गया है कि इस प्रकार की कार्यशैली विद्यालय संचालन में मनमानी को दर्शाती है। साथ ही इससे छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होने तथा बिना नियमित उपस्थिति के वेतन प्राप्त करने के रूप में सरकारी राशि के दुरुपयोग की आशंका भी परिलक्षित होती है।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने प्रधानाध्यापक श्यामू कुमार को 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो उनके विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा करते हुए उच्चाधिकारियों को प्रतिवेदन भेजा जाएगा।

# हरनौत में आपसी विवाद में फायरिंग, युवक घायल; जांच में जुटी पुलिस

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय थाना क्षेत्र के हरनौत बाजार स्थित आदर्श नगर मोहल्ले में शनिवार को आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट और फायरिंग की घटना सामने आई है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार किसी पुराने विवाद को लेकर दो गुटों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इसी दौरान एक पक्ष की ओर से फायरिंग कर दी गई। गोली लगने से एक युवक घायल हो गया। बताया जा रहा है कि युवक के हाथ में गोली लगी है। घायल को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

घटना की सूचना मिलते ही हरनौत थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी जुटा रही है।

थानाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी, जिसके दौरान एक पक्ष द्वारा फायरिंग की गई। उन्होंने कहा कि एक पक्ष की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।पुलिस ने कहा कि घटना में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस सतर्क है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# अनियंत्रित टोटो पलटने से चार स्कूली बच्चों समेत कई घायल

हिलसा (अपना नालंदा)। लोहंडा-भोभी मार्ग पर दाहाविगहा गांव के पास गुरुवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। अनियंत्रित टोटो पलट जाने से चार स्कूली बच्चों समेत आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग सहायता के लिए दौड़ पड़े।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टोटो क्षमता से अधिक सवारी और सामान लेकर हिलसा से भोभी की ओर जा रहा था। दाहा विगहा गांव के समीप चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद टोटो सड़क पर पलट गया। उसी समय सड़क किनारे कुछ स्कूली बच्चे खेल रहे थे। टोटो पलटने के दौरान दो बच्चे उसकी चपेट में आ गए।

हादसे में टोटो पर सवार यात्रियों सहित चार स्कूली बच्चे घायल हो गए। इसी दौरान कामता पंचायत के पूर्व मुखिया पवन कुमार संयोगवश टोटो के पीछे चल रहे थे। घटना देखते ही उन्होंने तत्परता दिखाते हुए टोटो में दबे बच्चों और यात्रियों को बाहर निकाला तथा सभी घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया। घायलों का उपचार जारी है।

घायलों में दाहा विगहा गांव निवासी राजीव रविदास की 10 वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी, निरंजन ठाकुर की 10 वर्षीय पुत्री अस्मिता कुमारी, मदारपुर गांव निवासी देवनंदन बिंद की 60 वर्षीय पत्नी मीना देवी, इंद्रदेव जमादार की 50 वर्षीय पत्नी महापतिया देवी तथा राजेश बिंद की 50 वर्षीय पत्नी सरोज देवी शामिल हैं। अन्य घायलों की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सकी।

# मलमास मेला में चौबीसों घंटे रहेगी बिजली, हर व्यवस्था पर विभाग की पैनी नजर



राजगीर (अपना नालंदा)। आगामी मलमास मेला को लेकर राजगीर में बिजली व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त और सुरक्षित बनाने के लिए साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड पूरी तरह सतर्क हो गई है। मेला के दौरान लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को कंपनी के प्रबंध निदेशक राहुल कुमार ने राजगीर पहुंचकर मेला क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया और कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए प्रबंध निदेशक राहुल कुमार ने कहा कि मलमास मेला के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होने दी जाएगी। सामान्य परिस्थितियों में राजगीर पावर स्टेशन एवं राजगीर ग्रिड से विद्युत आपूर्ति की जाएगी, जबकि किसी तकनीकी खराबी या आपात स्थिति में नालंदा पावर सर्विस स्टेशन और वैकल्पिक पावर ग्रिड को सक्रिय रखा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेला क्षेत्र में ग्रिड, फीडर और ट्रांसफार्मर स्तर तक बैकअप व्यवस्था तैयार कर ली गई है।

एमडी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में लगे सभी ट्रांसफार्मरों की ऑनलाइन निगरानी सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही सभी अस्थायी दुकानदारों, टेंट संचालकों और वेंडरों का लोड आकलन कर उन्हें सुरक्षित अस्थायी विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

प्रबंध निदेशक ने बताया कि मेला क्षेत्र के सभी ट्रांसफार्मरों की बैरिकेडिंग कर दी गई है और आयरन पोलों पर डाइलेक्ट्रिक पेंट लगाया गया है, ताकि करंट रिसाव जैसी घटनाओं से बचाव हो सके। उन्होंने यह व्यवस्था राजगीर के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी लागू करने का निर्देश दिया।

मेला के दौरान अतिरिक्त मैनपावर की तैनाती की जाएगी तथा 24 घंटे नियंत्रण कक्ष संचालित होंगे। विभागीय कर्मियों को रिफ्लेक्टिव वेस्ट और अभियंताओं को



रिफ्लेक्टिव जैकेट पहनने का निर्देश दिया गया है, ताकि भीड़भाड़ के बीच उनकी पहचान आसानी से हो सके।

समीक्षा बैठक में यह भी तय किया गया कि सभी टेंटों और पर्यटन स्थलों का इलेक्ट्रिकल सेफ्टी ऑडिट जिला प्रशासन के सहयोग से कराया जाएगा। अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट कनेक्शनों की भी सुरक्षा जांच होगी। विभाग ने स्थानीय स्तर पर अतिरिक्त विद्युत सामग्री का भंडारण सुनिश्चित करने तथा सभी वेंडरों को विद्युत सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश उपलब्ध कराने का फैसला लिया है।

राहुल कुमार ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए मेला क्षेत्र के प्रत्येक बिजली पोल पर उपभोक्ता सहायता नंबर वाला रिफ्लेक्टिव स्टिकर लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

समीक्षा बैठक में डीडीसी शुभम कुमार, नगर आयुक्त, विद्युत अधीक्षण अभियंता मनीष कांत, विद्युत कार्यपालक अभियंता विपिन कुमार, सहायक विद्युत अभियंता राजेश कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। राजगीर स्थित विभागीय अतिथिशाला में प्रबंध निदेशक राहुल कुमार का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने परिसर में पौधारोपण भी किया।



नालंदा विश्वविद्यालय की आधुनिक व्यवस्था और हरित मॉडल से प्रभावित हुए मुख्य सचिव

# मलमास मेला में गूंजेगा भजन-कीर्तन, सर्वमंगला विद्यापीठ लगाएगा विशाल आध्यात्मिक शिविर



राजगीर (अपना नालंदा)। राजगीर के ऐतिहासिक अधिकमास-मलमास-पुरुषोत्तम मास मेला को लेकर धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। मेला क्षेत्र स्थित गढ़ महादेव मंदिर परिसर में इस बार सर्वमंगला अध्यात्म योग विद्यापीठ, बेगूसराय द्वारा भव्य आध्यात्मिक शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ मलमास मेला के ध्वजारोहण के साथ होगा। शनिवार को विद्यापीठ के पीठाधीश्वर महर्षि चिदात्मन जी महाराज उर्फ फलाहारी बाबा ने शिविर स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और आयोजकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

महर्षि चिदात्मन जी महाराज ने बताया कि मलमास मेला अवधि के दौरान प्रतिदिन सुबह छह बजे से 11 बजे तक पूजा-पाठ, वैदिक अनुष्ठान और हवन का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से तीन बजे तक श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था रहेगी, जबकि शाम चार बजे से रात्रि आठ बजे तक भजन-कीर्तन, सत्संग, प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और भारतीय संस्कृति का संदेश देने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने जानकारी दी कि शहर के पूर्वी भारत स्थानकवासी जैन धर्मशाला में भी कथा-प्रवचन और दोनों समय भंडारे की विशेष व्यवस्था की गई है। बड़ी संख्या में साधु-संत, श्रद्धालु और धर्मप्रेमी यहां पहुंचकर आध्यात्मिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

फलाहारी बाबा ने कहा कि वेद भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की आत्मा हैं। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद मानव जीवन को धर्म, ज्ञान और संस्कृति का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि वेदांगों में शिक्षा, कल्प, निरुक्त, व्याकरण, ज्योतिष और छंद का विशेष महत्व है, जो भारतीय सभ्यता को जीवंत बनाए रखते हैं।

उन्होंने अधिकमास की धार्मिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सौर वर्ष और चंद्र वर्ष के बीच लगभग 11 दिनों का अंतर होता है। इसी अंतर को संतुलित करने के लिए शास्त्रों में अधिकमास अथवा पुरुषोत्तम मास की व्यवस्था की गई है। लगभग 32 माह 16 दिन के अंतराल पर आने वाला यह मास धार्मिक दृष्टि से अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। उन्होंने कहा कि यदि यह व्यवस्था नहीं होती तो भारतीय पर्व-त्योहार ऋतुओं के अनुसार संतुलित नहीं रह पाते।महर्षि चिदात्मन जी महाराज ने कहा कि अधिकमास, अर्धकुंभ और महाकुंभ जैसे पर्व केवल धार्मिक आयोजन नहीं हैं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक अखंडता के प्रतीक भी हैं। उन्होंने हरिद्वार का वैशाख कल्पवास, प्रयाग का माघ कल्पवास, सिमरिया धाम का कार्तिक कल्पवास तथा राजगीर का पुरुषोत्तम मास मेला भारतीय आध्यात्मिक परंपरा की गौरवशाली पहचान बताया।निरीक्षण कार्यक्रम में सर्वमंगला अध्यात्म योग विद्यापीठ के ब्रह्मचारी रविंद्र, जगद्गुरु विश्वकर्मा शंकराचार्य स्वामी दिलीप योगी जी महाराज, शिविर के मुख्य आयोजक शिवकुमार सिंह, ध्रुव उपाध्याय, प्रबंधक जगन्नाथ तिवारी, डॉ. जयनंदन पांडेय, डॉ. विनोद उपाध्याय सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# नालंदा जिला ताईद संघ अध्यक्ष छोटे ताईद के निधन से शोक की लहर

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। स्थानीय कमरुद्दीनगंज निवासी एवं नालंदा जिला ताईद संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार उर्फ छोटे ताईद का बीती रात असामयिक निधन हो गया। वह 53 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर मिलते ही जिला व्यवहार न्यायालय से जुड़े अधिवक्ताओं, ताईद कर्मियों और स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।

परिजनों के अनुसार, उनकी तबीयत अचानक बिगड़ने पर पहले उन्हें इलाज के लिए स्थानीय चिकित्सक डॉ. शशि रंजन के यहां भर्ती कराया गया था। स्थिति गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनका निधन हो गया।

शनिवार सुबह से ही कमरुद्दीनगंज स्थित उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहा। अधिवक्ता, ताईद कर्मी, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिकों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बाद में पूरे विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार अरुण कुमार मयंक, ई. अली अहमद, अमितेश कुमार, सुधीर कुमार, नवल किशोर, कौशलेंद्र कुमार, ई. राकेश रंजन और मुन्ना कुमार सहित कई लोग शामिल रहे। सभी ने उनके निधन को समाज और न्यायालय परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया।

शोक व्यक्त करते हुए लोगों ने कहा कि छोटे ताईद व्यवहार न्यायालय से जुड़े लोगों के बीच मिलनसार और सहयोगी स्वभाव के लिए जाने जाते थे। उनके निधन से केवल कमरुद्दीनगंज ही नहीं, बल्कि पूरे जिला न्यायालय परिवार में गहरा दुख व्याप्त है।

# टी.एस.कॉलेज हिसुआ में स्नातक सेमेस्टर-4 की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हो रही है संचालित



संजय वर्मा

नवादा (अपना नालंदा)।हिसुआ नगर परिषद स्थित महाविद्यालय टी.एस.कॉलेज, हिसुआ में मगध विश्वविद्यालय बोध गया द्वारा आयोजित स्नातक सेमेस्टर -4 सत्र 2024-28 की परीक्षा शांतिपूर्ण तथा कदाचार मुक्त संचालित हो रही है। केंद्राअधीक्षक सह प्राचार्य डॉ.पवन कुमार शर्मा ने बताया कि मगघ विश्वविद्यालय बोध गया द्वारा नारदीगंज कॉलेज नारदीगंज स्नातक सेमेस्टर का परीक्षा केंद्र टी.एस.कॉलेज, हिसुआ में बनाया गया है , स्नातक विज्ञान, कला, तथा वाणिज्य संकाय के 1505 छात्र/ छात्राओं का परीक्षा केंद्र बनाया गया है,स्नातक सेमेस्टर - 4 का सैद्धांतिक परीक्षा दिनांक 07मई 2026से 12मई 2026 तक परीक्षा होगी, प्राचार्य डॉ.पवन कुमार शर्मा ने बताया कि परीक्षा कार्य में परीक्षा नियंत्रक डॉ.संजय कुमार चौहान, सहायक परीक्षा नियंत्रक श्री सिंधुकांत, श्री अनिल कुमार, श्री शैलेंद्र कुमार, श्री अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में आज तीसरे दिन परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से दोनों पाली में सम्पन्न हुआ,महाविद्यालय के 10 कमरा में परीक्षा लिया जा रहा है मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि परीक्षा कार्य में डॉ संजय कुमार,डॉ. सुनील कुमार दुबे, डॉ पूनम भारती,डॉ.अमरदीप मोहन अमहोरे, डॉ मुकेश कुमार, डॉ पूनम कुमारी, डॉ एस एन प्रभाकर, डॉ नागेंद्र दास,डॉ परमानंद राम,डॉ.रजनीश देव,डॉ.सुधा कुमारी, डॉ पीयूष मणि त्रिपाठी, रंजय कुमार, कुसुम कुमारी,डॉ अंजली कुमारी डॉ दिव्या पाण्डेय, डॉ पम्मी कुमारी, डॉ प्रतिभा सिंह, डॉ मांडवी रानी,डॉ.राकेश चौधरी, डॉ धनंजय कुमार,डॉ पप्पू कुमार, डॉ हेगोयल, डॉ.उत्तम कुमार, डॉ सुधीर कुमार, श्री राजेश कुमार, श्री मुकेश कुमार सहित शिक्षक एवं कर्मचारी लगे हुए हैं।

# ओढ़नपुर में निकली भव्य शिक्षा जागरूकता रैली, बेटियों के उत्साह ने दिया शिक्षित समाज का संदेश



संजय वर्मा

नवादा(अपना नालंदा)। शिक्षा जागरूकता के लिए दृढ़ संकल्पित बुद्धिजीवी विचार मंच का वर्षों से जारी शिक्षा जागरूकता अभियान शनिवार को मध्य विद्यालय ओढ़नपुर के पोषक क्षेत्र में चलाया गया। मंच के संयोजक शिक्षाविद अवधेश कुमार के निर्देशन एवं मध्य विद्यालय ओढ़नपुर के प्रधानाध्यापक डॉ. राजू रंजन कुमार के नेतृत्व में भव्य शिक्षा रैली निकाली गई, जिसमें सैकड़ों स्कूली बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों तथा मंच के सदस्यों ने भाग लिया।

आकर्षक लोकगीतों, आंचलिक नारों और प्रेरक तख्तियों के साथ निकाली गई इस रैली में बच्चों को स्कूल भेजने, नियमित स्वाध्याय, साफ-सफाई तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर जागरूकता फैलायी गई। अमौनी, ओढ़नपुर और आमीपुर गांवों की गलियों एवं सार्वजनिक स्थलों पर शिक्षा गीतों और नारों की गूंज से माहौल पूरी तरह शिक्षामय हो गया। रैली के दौरान बच्चों का अनुशासन, शालीनता और शैक्षणिक संदेश अभिभावकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। खासकर बेटियोंके उत्साह और सहभागिता ने एक बेहतर एवं शिक्षित समाज निर्माण की उम्मीद को और मजबूत किया।

मंच के वरिष्ठ अधिकारी एवं सुविख्यात चिकित्सक डॉ. सुनीति कुमार ने अभियान की सफलता का श्रेय बुद्धिजीवी विचार मंच के साथियों की प्रतिबद्धता, विद्यालय के शिक्षकों और बच्चों के उत्साह को दिया।

कार्यक्रम में मंच संयोजक अवधेश Kumar, रामलखन प्रसाद, राज कृष्णा ट्रस्ट के शंभू विश्वकर्मा, फिजिकल शिक्षक रामबिलास, लोक गायक चंदेश्वर प्रसाद, पूर्व नाजिर मथुरा पासवान, मंझनपुरा विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय पासवान, शाहपुर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका निकिता भारती, आर्यन राज, राहुल कुमार समेत मध्य विद्यालय ओढ़नपुर के शिक्षक मनोज पासवान, अर्पणा गौरव, मुन्ना कुमार, विजेंद्र कुमार एवं प्रमोद कुमार उपस्थित रहे।

# 19 वर्षों से पत्नी की यादों के सहारे जी रहे देवनन्दन, पुण्यतिथि पर छलका दर्द



संजय वर्मा

नवादा(अपना नालंदा)। शहरी भागदौड़ में जहां प्रेम और रिश्ते-नाते धीरे-धीरे पीछे छूटते जा रहे हैं, वहीं ग्रामीण संस्कृति में आज भी सच्चे प्रेम और समर्पण की मिसाल जीवित है। सदर प्रखंड के गोडधोबा गांव निवासी देवनन्दन प्रसाद अपनी दिवंगत पत्नी स्व. कुंती देवी की यादों के सहारे पिछले 19 वर्षों से एकांगी जीवन जीते हुए प्रेम, त्याग और साहस का अनोखा उदाहरण बने हुए हैं।

9 मई को पत्नी की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में देवनन्दन प्रसाद भावुक हो उठे। उन्होंने बताया कि पत्नी के निधन के बाद पारिवारिक और सामाजिक दबावों के बावजूद उन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया। उनका कहना था कि "खुशी हो या ग़म, हर समय मुझे अपनी पत्नी का साथ महसूस होता है, वही मुझे जीवन में आगे बढ़ने का हौसला देती हैं।"

उन्होंने कहा कि दो पुत्र और तीन पुत्रियों की जिम्मेदारी अकेले निभाना कठिन जरूर था, लेकिन पत्नी की स्मृतियों ने उन्हें हर परिस्थिति में मजबूत बनाए रखा।

गोडधोबा स्थित उनके आवास पर आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने स्व. कुंती देवी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष पूजा-अर्चना से हुई, जबकि कीर्तन मंडली द्वारा प्रस्तुत निर्गुण भजनों से पूरा माहौल भावुक हो उठा। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को नमन किया।

मौके पर जिला परिषद सदस्य वीणा देवी, समाजसेवी सुरेंद्र यादव, अनिल यादव, अजय यादव, विक्रम कुमार, खेल प्रशिक्षक संतोष कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष एवं दर्जनों खेल खिलाड़ी मौजूद रहे।

# वारिसलीगंज में साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, 11 आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल बरामद

संजय वर्मा



नवादा (अपना नालंदा)। वारिसलीगंज थाना पुलिस ने साइबर ठगी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक विधि विरुद्ध बालक समेत कुल 11 साइबर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार जालसाज विभिन्न ऋण प्रदाता कंपनियों से लोन दिलाने के नाम पर अलग-अलग राज्यों के लोगों से ठगी करते थे। पुलिस ने इनके पास से 18 एंड्रॉयड मोबाइल, एक आईफोन और छह पेज का कस्टमर डेटा शीट बरामद किया है।

शनिवार को वारिसलीगंज थाना में आयोजित पत्रकार वार्ता में पकरीबरावां एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर ने बताया कि थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के दो स्थानों पर साइबर ठगी का धंधा चल रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष छापेमारी टीम गठित की गई।

पुलिस ने मोहीउद्दीनपुर पंचायत की अनुसूचित टोला दोवाय नगर मुसहरी के पास नहर खंधा और इंटर विद्यालय चकवाय के उत्तर स्थित शीशम बगीचा में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध करते हुए 10 साइबर जालसाजों को गिरफ्तार किया गया। हालांकि पुलिस की भनक लगते ही कुछ आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकीतलाश जारी है।

गिरफ्तार आरोपियों में भेड़िया गांव निवासी छोटू कुमार, आशीष रंजन कुमार, सुनील राउत, गुलशन कुमार, सुमित कुमार, धर्मेंद्र कुमार, यशराज पटेल, चंदन पटेल, नालंदा जिले के कतरीसराय थाना क्षेत्र निवासी नवनीत कुमार तथा अस्थावां थाना क्षेत्र के गोरबीघा निवासी कुंदन कुमार शामिल हैं।

एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार साइबर आरोपी कस्टमर डेटा के जरिए लोगों के मोबाइल नंबर हासिल कर उनसे संपर्क करते थे। इसके बाद विभिन्न कंपनियों से लोन दिलाने का झांसा देकर उनसे ठगी की जाती थी।

छापेमारी अभियान का नेतृत्व थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने किया। अभियान में पुअनि सुशील कुमार, परि. पुअनि मनोज कुमार राय, पुसअनि पप्पू कुमार समेत कई पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

# जहानाबाद में वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र बनेगा, पर्यावरण संरक्षण को मिलेगा नया बल



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। स्वच्छ वायु और पर्यावरण संरक्षण को लेकर जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर जहानाबाद नगर क्षेत्र में पर्यावरणीय वायु गुणवत्ता प्रबंधन केंद्र स्थापित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इस संबंध में बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, पटना को सहमति पत्र भेजा गया है।

परियोजना के तहत नगर क्षेत्र में आधुनिक वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्र बनाया जाएगा, जहां प्रदूषण के स्तर पर लगातार नजर रखी जाएगी। इसी क्रम में जिला विकास अधिकारी एवं जिला गंगा समिति के जिला परियोजना अधिकारी ने प्रस्तावित स्थल का संयुक्त निरीक्षण कर आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया।प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि केंद्र के लिए लगभग 20 फीट × 20 फीट क्षेत्र मेंकार्यालय भवन बनाया जाएगा, जबकि 16 फीट × 8 फीट आकार का एलईडी डिस्प्ले बोर्ड भी लगाया जाएगा। इस बोर्ड के माध्यम से वायु गुणवत्ता से संबंधित वास्तविक समय के आंकड़े आम लोगों और संबंधित विभागों को उपलब्ध कराए जाएंगे।

इस व्यवस्था से शहर में वायु प्रदूषण की स्थिति पर निरंतर निगरानी संभव हो सकेगी। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण, पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू करने में मदद मिलेगी।

जिला प्रशासन का मानना है कि यह पहल जहानाबाद को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इससे लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी और स्वच्छ वायु सुनिश्चित करने के प्रयासों को मजबूती मिलेगी।

# जहानाबाद में एकमुश्त यातायात चालान निपटारा योजना, लोगों को मिली बड़ी राहत



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जहानाबाद द्वारा राष्ट्रीय एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार शनिवार को “एकमुश्त यातायात चालान निपटारा योजना-2026” का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान का उद्देश्य लंबित यातायात चालानों का त्वरित निष्पादन कर लोगों को राहत प्रदान करना था।

राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित विधिक सेवा सदन में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इसके बाद मुख्य कार्यक्रम अब्दुल बारी नगर भवन परिसर में संपन्न हुआ, जहां बड़ी संख्या में लोग अपने लंबित यातायात मामलों के निपटारे के लिए पहुंचे।

कार्यक्रम के दौरान विभागीय निर्देशों के तहतशमन राशि में विशेष छूट दी गई तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन की व्यवस्था की गई। इसके लिए अलग काउंटर और विशेष प्रबंधन किया गया था, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

यातायात चालान निपटारा योजना की निगरानी एक न्यायाधीश महोदय की देखरेख में की गई। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी), जिला परिवहन पदाधिकारी, एडीटीओ समेत कई प्रशासनिक एवं परिवहन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम के सफल आयोजन से लोगों को लंबित मामलों से राहत मिली और न्यायिक प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल देखने को मिली। जिला प्रशासन ने इसे आम जनता के हित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# जहानाबाद राष्ट्रीय लोक अदालत में 630 मामलों का निपटारा, लोगों को मिला त्वरित न्याय




अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जहानाबाद व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार विकास कुमार द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह में जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सतीश कुमार देव, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार शर्मा, जिला विधिक संघ के अध्यक्ष गिरिजा नंदन प्रसाद, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ब्रजेश कुमार सहित कई न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

उद्घाटन अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विकास कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत भारतीय संविधान की भावना के अनुरूप न्याय प्राप्ति का सरल, सुलभ और प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के जरिए मामलों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण निष्पादन संभव होता है, जिससे न्यायालयों में लंबित मामलों का बोझ भी कम होता है।

जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आम लोग कम समय और कम खर्च में आपसी सहमति के आधार पर न्याय प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की।

इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल संचालन के लिए जहानाबाद व्यवहार न्यायालय में विभिन्न न्यायाधीशों के अधीन कुल आठ बेंचों का गठन किया गया था। वहीं यातायात चालान मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए अब्दुल बारी नगर भवन में विशेष बेंच की व्यवस्था की गई थी।लोक अदालत में वैवाहिक विवाद, परिवार न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, उपभोक्ता फोरम, यातायात चालान, बैंकिंग मामले, एनआई एक्ट, बिजली एवं जलकर विवाद, ग्राम कचहरी, खनन विभाग, वन विभाग, सुलहनीय आपराधिक मामले तथा विभिन्न राजस्व और बैंक संबंधी मामलों का निष्पादन किया गया।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देशन में आयोजित लोक अदालत में एक वैवाहिक मामला, 244 सुलहनीय आपराधिक मामले, 263 बैंकिंग मामले तथा 122 चालान मामलों सहित कुल 630 मामलों का आपसी सहमति और शांतिपूर्ण वातावरण में निष्पादन किया गया। बड़ी संख्या में मामलों के निपटारे पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने संतोष व्यक्त करते हुए लोगों से भविष्य में भी लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की।

# जहानाबाद में 122 ट्रैफिक चालानों का निपटारा, लगभग तीन लाख रुपये वसूले गए

अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर शनिवार को “एकमुश्त ट्रैफिक चालान निपटान योजना-2026” के तहत लंबित यातायात चालानों के निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय सहित न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

इस दौरान आम नागरिकों को त्वरित, सुलभ और सौहार्दपूर्ण न्याय उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। जिला पदाधिकारी ने लोगों से अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति से निपटारा कराने की अपील की।

योजना के सफल संचालन के लिए बेंच संख्या-2 का गठन किया गया, जिसकी अध्यक्षता श्री अनायत करीम ने की। विशेष बेंच द्वारा परिवहन विभाग के “एकमुश्त ट्रैफिक चालान निपटान योजना-2026” के तहत 29 वाहनों से संबंधित चालान मामलों का निष्पादन किया गया, जिसमें ₹1,07,000 की राशि जमा कराई गई। वहीं ट्रैफिक विभाग द्वारा 93 वाहनों के चालानों का निपटारा करते हुए ₹1,89,500 की वसूली की गई।




इस प्रकार कुल 122 वाहनों के चालान मामलों का निष्पादन कर ₹2,96,500 की राशि की वसूली की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य लोगों को लंबित मामलों से राहत दिलाना और न्यायिक प्रक्रिया को सरल बनाना है।

कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, ट्रैफिक डीएसपी, जिला परिवहन पदाधिकारी, न्यायिक पदाधिकारी, एडीटीओ, एमवीआई, ईएसआई सहित परिवहन एवं ट्रैफिक विभाग के कई अधिकारी और कर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

## संपादकीय

**जे पी चौधरी**



# अहंकार मनुष्य के जीवन को विनाश की ओर धकेलता है

शारीरिक रूप से मानवी देह पाया है, लेकिन क्या हम इंसान है या इंसान कहलाने के पात्र है? आज के दौर में इंसान बनकर जीने वाले दुर्लभ होते जा रहे हैं। आइये पहले हम स्वयं से जानते है कि, इंसान किन्हें कहते हैं। दूसरों की खुशी में खुश होना, दूसरों के दुःख में दर्द महसूस होना, दूसरों भावनाओं को समझना, उसकी कद्र करना। अपने स्वार्थ को दूर रखकर हमेशा दूसरों के भलाई का ख्याल करना। देश और समाज के विकास के लिए तत्पर रहना, यथोचित हर संभव मदद करना, मानव कल्याण का जज्बा बनाये रखना। झूठे दिखावे से बचना, लोगों से ईर्ष्या भाव न करना। प्रकृति, पशु-पक्षियों और जंगल की रक्षा करना। जाती, धर्म, लिंग, क्षेत्र, भाषा, रंगरूप पर आधारित भेदभाव को न मानकर समस्त मानवी समाज को एक स्तर पर मानकर मानवी सेवा विकास को सर्वोपरि मानना। कथनी-करनी में अंतर न करना। नशाखोरी, भ्रष्टाचार, चरित्रहीन व्यवहार, अन्यों से दुर्व्यवहार, अपराध, भेदभाव से अलिप्त होकर सत्कर्मों को ही हमेशा प्राथमिकता देना। यह सभी इंसानियत की विशेषता है, जो इंसानो में होनी चाहिए। अगर ये सभी विशेषता हम में है, तो हम इंसान है, वर्ना जानवरों को भी लज्जित कर दे, ऐसे घृणात्मक कलंकित करनेवाली दुःखद घटनाएं तो हमारे आसपास रोजाना होती ही है और हम आँखे मूंदकर बुजदिल की जिंदगी काटते हैं।

हमारे आसपास के इस कलह भरे वातावरण में हर कोई झूट का मुखौटा पहनकर खुद को इंसान दिखाने का प्रयत्न कर रहा है और यही वातावरण अहंकार की भेट चढ़कर जीवन का सुकून छीन रहा हैं। आज रिश्ते-नाते, शादियां तोड़ने में अहंकार मुख्य भूमिका में हैं। दुनिया को बताने के लिए कारण कुछ भी बताये लेकिन आज विभिन्न देशों में चल रहे युद्ध का कारण अहंकार भी है, जिससे बड़ी मात्रा में मासूमों की जान जा रही है, पर्यावरण, धन का अपव्यय हो रहा है और पूरी दुनिया पर इसका गंभीर असर हो रहा हैं। अनेक बार रिश्तेदार, आस-पडोसी, परिचित अहंकार के कारण जिंदगी भर बात नहीं करते, उससे ज़िंदगी में क्या हासिल हो जाता है, पता नहीं।

क्या आप जानते है कि, जब भी हम क्रोध, चिढ़, ईर्ष्या, तनाव या बुरे विचारों से भर उठते है, तब उसका सीधा असर हमारे खुद के ही स्वास्थ्य पर गंभीर असर करता है, अर्थात दूसरों पर गुस्सा करना हमारे जान को जोखिम में डालता हैं। आजकल तो नाम के लिए या दिखावे के लिए हम खूब आधुनिक होने का दम भरते है, लेकिन विचारों और संस्कारों से हम लगातार पिछड़ते ही जा रहे हैं। राह चलते हुए गलती से किसी को धक्का भी लग जाये तो, इंसानियत दिखाने के बजाय गालीगलौच, धमकी, धौस दिखाकर खुद के वर्चस्व को साबित करने की होड़ लग जाती है फिर बात मारपीट और कई बार हत्या तक पहुंच जाती हैं। हमारे रिश्ते-नाते, आस-पड़ोस या परिचित में किसी के घर कोई खुशखबर हो तो हम मन के मन में जलन से भरते है, लोगों की मेहनत को नजरअंदाज करके खुद की किस्मत को कोंसते है, कि दूसरों के साथ क्यों अच्छा होता है, हमारे साथ क्यों नहीं। झूठा दिखावा और खुद का स्टैंडर्ड ऊंचा दिखाने के चक्कर में अक्सर बर्बादी के मुहाने में पहुँच जाते है, ये आज के समाज का घिनौना सच हैं। मनुष्य का अहंकार उसका सुख-चैन छीन लेता है और सुंदर शांत जीवन का मार्ग दुर्गम बना देता हैं। अहंकार मनुष्य के जीवन को विनाश की ओर धकेलता है, जैसे मनुष्य खुद ही अपनी मौत के लिए चिता सजा रहा हैं।

हमारे आसपास बहुत से बुरे घटनाओं से अनगिनत लोगों के दुःखद अंत की खबरें हमें झंझोड़ देती है, उदाहरण के लिए आज बहुत से अभिभावक बच्चों को विदेश भेजते है या बड़े शहरों में भेजते है और अहंकार से गर्वित होते है कि उनके बच्चे विदेशों में स्थायिक हो चुके है, परंतु अनेक बार ये ही बूढ़े माँ-बाप मर भी जाते है, फिर भी उनके बच्चे अंतिम संस्कार में उपस्थिति दर्शाना भी मुनासिब नहीं समझते, ये हमारे समाज की कड़वी सच्चाई हैं। दुनिया भर में हजारों ऐसे महान शख्सियत है जो नाम, शोहरत, रुतबा, पैसा होने के बावजूद सरल और सादगी पसंद जीवन यापन करते हैं, अनेक महान लोग दुनिया से चले जाने के बाद उनकी जिंदगीभर की कमाई में केवल कुछ जोड़ी कपड़े और किताबों का संग्रह देखने मिलता है, थोड़ी-बहुत संपत्ति होती भी है तो वे उसे दान कर चुके होते है, जबकि वे चाहते तो करोडो, अरबों रुपयों की संपत्ति बना सकते थे, लेकिन तब वे शायद अपने कर्मों से महान नहीं बन पाते।

# महाराणा प्रताप जयंती पर नितेश सिंह कच्छवाहा ने किया माल्यार्पण, भव्य भवन बनाने की मांग



पटना(अपना नालंदा)।अखिल भारतीय क्षत्रिय सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा युवा नेता नितेश सिंह कच्छवाहा ने महाराणा प्रताप जयंती पर पटना स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप भारत के सबसे बड़े स्वाभिमानी योद्धा थे। उनके जीवन से सभी भारतीयों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। नितेश सिंह ने महाराणा प्रताप की जयंती पर पूरे भारत में सरकारी अवकाश घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने कभी स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। अकबर को खदेड़ने वाले प्रताप ने घास की रोटी खाई, लेकिन अधीनता स्वीकार नहीं की। राजपूत क्षत्रिय समाज को उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए।

नितेश सिंह कच्छवाहा ने बिहार सरकार से पटना के दरोगा राय पथ में महाराणा प्रताप का भव्य भवन बनाने और उनकी वीरता को बिहार के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की।

# मनोज भावुक को मिला 'भोजपुरी भाषा शिखर सम्मान'




पटना(अपना नालंदा)।भोजपुरी भाषा, साहित्य, सिनेमा और मीडिया जगत में अपने बहुआयामी, दीर्घकालिक और ऐतिहासिक योगदान के लिए सुप्रसिद्ध साहित्यकार, फिल्म गीतकार एवं वरिष्ठ टीवी पत्रकार मनोज भावुक को आज पटना के ऐतिहासिक बापू सभागार में जी मीडिया द्वारा आयोजित भव्य समारोह में 'भोजपुरी भाषा शिखर सम्मान' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें "ग्लोबल भोजपुरी एम्बेसडर" तथा "भोजपुरी आइकॉन" की प्रतिष्ठित उपाधियों से भी अलंकृत किया गया। उन्हें यह सम्मान ज़ी बिहार-झारखंड के संपादक राजकमल चौधरी, ज़ी उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड के संपादक रमेश चंद्रा व भोजपुरी सुपरस्टार दिनेश लाल निरहुआ ने संयुक्त रूप से प्रदान किया।

सम्मान ग्रहण करते हुए मनोज भावुक ने कहा, " जब साहित्य सिनेमा के साथ चलने लगता है तो सिनेमा खिल जाता है। इसलिए भोजपुरी सिनेमा को साहित्य के साथ चलने की जरूरत है। साथ ही मनोज ने जोर देकर कहा कि भोजपुरी एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है, इसलिए सरकार को भी इसे आठवीं अनुसूची में शामिल कर भाषा का दर्जा दे देना चाहिए। भोजपुरी करोड़ों लोगों की सांस्कृतिक आत्मा और भावनात्मक पहचान है। "

# नालंदा विश्वविद्यालय की आधुनिक व्यवस्था और हरित मॉडल से प्रभावित हुए मुख्य सचिव



राजगीर (अपना नालंदा)। बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने शनिवार को नालंदा विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण कर वहां की शैक्षणिक गतिविधियों, आधुनिक आधारभूत संरचनाओं और पर्यावरण अनुकूल "नेट जीरो" मॉडल का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक भारत सोनी सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

विश्वविद्यालय पहुंचने पर मुख्य सचिव का स्वागत किया गया। इसके बाद आयोजित प्रस्तुतीकरण में उन्हें विश्वविद्यालय की ऐतिहासिक विरासत, वर्तमान शैक्षणिक व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संचालित विभिन्न अध्ययन केंद्रों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि यहां ऐतिहासिक अध्ययन, बौद्ध अध्ययन तथा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण अध्ययन जैसे विषयों पर वैश्विक स्तर का शोध और शिक्षण कार्य हो रहा है।भ्रमण के दौरान मुख्य सचिव ने अत्याधुनिक पुस्तकालय, सुषमा स्वराज ऑडिटोरियम, योग परिसर और विभिन्न शैक्षणिक भवनों का निरीक्षण किया। उन्होंने परिसर की वास्तुकला की सराहना करते हुए कहा कि यह प्राचीन नालंदा की सांस्कृतिक विरासत और आधुनिक तकनीक का अद्भुत संगम है।मुख्य सचिव ने विश्वविद्यालय में स्थापित 6.5 मेगावाट क्षमता वाले सौर ऊर्जा संयंत्र, बायोगैस प्लांट और जल संचयन प्रणाली में विशेष रुचि दिखाई। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का "नेट जीरो कार्बन फुटप्रिंट" मॉडल बिहार के अन्य शिक्षण संस्थानों के लिए भी प्रेरणादायक है।प्रत्यय अमृत ने कहा कि नालंदा केवल बिहार ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के लिए ज्ञान और सभ्यता का प्रतीक रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह विश्वविद्यालय भविष्य में भारत के शैक्षणिक और सांस्कृतिक संबंधों को वैश्विक स्तर पर और मजबूत करेगा।


हमारा प्रयास रहता है कि
अपना नालंदा
के पाठकों को बेहतरीन समाचार पढ़ने को मिले।
आप पाठकों से अनुरोध है कि
अपना बहुमूल्य सुझाव हमें भेजें,
ताकि अपना नालंदा को और बेहतर बना सकूं।
अपना नालंदा
सत्य, सटीक और निष्पक्ष समाचार
आपका सुझाव
हमें भेजें
हमारा पता है:
संपादक,
अपना नालंदा
व्हाट्सएप
9031468165


अपना नालंदा
आपका अपना हिंदी दैनिक डिलिटर अखबार
नालंदा की
हर खबर
सबसे पहले
अब अपाका लोकप्रिय हिंदी दैनिक
अपना नालंदा का सभी अंक
www.apnanalanda.com
पर उपलब्ध हैं!
विश्वसनीय
स्थानीय
आपका अपना
अखबार
अपना नालंदा
ई-पेपर
12 मई 2024
सभी अंक
एक ही जगह
डाउनलोड करें
आसानी से
पुराने अंक
खोजें आसनी से
अपना नालंदा
नालंदा: विकास की नई उड़ान
ताजा खबरें • निष्पक्ष पठकारिता • आपके शहर, आपकी आवाज
जुड़े रहें, अपडेट रहें!


विस्तार से खबर पढ़ने के लिए जाएं
अपना नालंदा
www.apnanalanda.com पर जाएं
NEWS
बिस्तुत खबरों के लिए आज ही बिजिट करें